Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-08-2022 | अंक 325

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### मैट्रिक का शैक्षणिक अंक पत्र गुम, बरही थाना में सनहा दर्ज

बरही न्यू कॉलोनी निवासी सूरज ठाकुर पिता दिनेश्वर ठाकुर का मैट्रिक का शैक्षणिक अंक प्रमाण पत्र पिछले 22 अगस्त को कहीं गुम हो गया है। इस बाबत उन्होंने बरही थाना में गुम होने का सनहा दर्ज कराया है। जिसमे बताया गया है कि 22 अगस्त को दसवीं बोर्ड के सभी प्रमाणपत्र का फोटो कॉपी कराने के लिए बरही चौक आया था। इसी दौरान दसवीं का अंक पत्र कहीं गिर गया। काफी खोजबीन की गई । लेकिन कुछ पता नही चला। सूरज ठाकुर ने सभी से अपील किया है कि यदि किन्ही के पास उनका अंक प्रमाण पत्र मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 6207309969 पर सूचना दें।

APEM LIVE

## डपोक पंचायत के ओरपरता (घटवार टोला) आज भी विकास से है कोसो दूर

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



रस्सी बांधकर हैंडपंप से पानी भरते ग्रामीण



पेंशन योजना से वंचित बुजुर्ग

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के घटवार टोला आजादी के सात दशक बाद भी विकास के मामले में कोसो दूर है। घटवार टोला में दो चापाकल तो है परंतु एक कई महीनो से खराब पड़ा हुआ है वही दूसरा चापाकल भी चौन टूट गया जिसे ग्रामीणों द्वारा रस्सी से बांधकर चला रहे है। पूछने पर उन्होंने बताया की कई हैंडपंप का चौन टूट गया है जिसके कारण चौन को रस्सी से बांधकर हैंडपंप चला रहे है। वही स्थिति पोल पर लगी लाइट की है। ग्रामीणों ने बताया की स्ट्रीट लाइट पिछले एक साल से खराब पड़ा हुआ है। लेकिन पंचायत के किन्ही जनप्रतिनिधियों को इस और ध्यान नहीं है कहा की खराब पड़े हैंडपंप और लाइट को लेकर स्थानीय मुखिया को कई बार सूचना दिया गया है परंतु आज तक उन्होंने ठीक नही कराया है। पूछने पर बताते है की जब कोई फंड आएगा तो बनवा दूंगा। मौके पर मौजूद लोगो ने बताया की हमे सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जब चुनाव का समय आता है तब सभी जनप्रतिनिधि सुख दुख में साथ और हर विकट परिस्थिति में साथ देने का आश्वासन देते है परंतु चुनाव जीतने के बाद कभी हाल चाल पूछने तक नही आते है।

**गरीब वा बुजुर्ग महिलाओं को छल रही सरकारी योजनाएं**

सरकार द्वारा बुजुर्गो के सहयोग के लिए पेंशन दिया जा रहा है परंतु ओरपरता गांव के घटवार टोला निवासी कृपाल सिंह उम्र 63 वर्ष एवं खगिया देवी उम्र 71 वर्ष आज भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित बुजुर्ग महिलाएं दफ्तरों के चक्कर काट रही है। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में इन गरीब बुजुर्गो के लिए पेंशन योजना का भी सहारा नही मिल पा रहा है। यहां शासन से मिलने वाली योजनाएं इनके लिए मजाक बनकर रह गई है। यह स्थिति केवल इसी गांव का नही बल्कि पूरे प्रखंड का है जहां समस्याओं का कोई समाधान हो रहा है। जिसके कारण गरीबों को उनका अधिकार नही मिल पा रहा है।

## खोड़ाहर के चार मड़ल गांव में न आंगनबाड़ी है और न स्वास्थ्य उप केंद्र, मूलभूत सुविधा से वंचित

### उप मुखिया रोहित यादव ने उपायुक्त कार्यालय को सौपा दो सूत्री मांगपत्र,

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



मांगपत्र सौपते उप मुखिया रोहित कुमार

खोड़ाहार पंचायत के चार माइल गांव की आबादी 1500 से अधिक होने के बाद भी वहां ना तो आंग. नबाड़ी केंद्र है और ना ही स्वास्थ्य उप केंद्र। जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाई के लिए काफी दूर तय कर दूसरे गांव जाना पड़ता है। वही स्वास्थ्य उप केंद्र नही होने के बजह से प्रसूति महिलाओं को काफी परेशानी होती है। प्रसव कराने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बरही जाना पड़ता है। इन दोनों मांग को पूरा करने के लिए खोड़ाहर पंचायत के उप मुखिया रोहित कुमार ने दो सूत्री मांगपत्र हज़ारीबाग उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर मांगपत्र सौपा। बताया कि राज्य गठन के बाद भी चार माइल के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। छोटे छोटे बच्चों को काफी परेशानी होती है। चार माईल वार्ड नंबर 3 के अंतर्गत आता है। जिसे विकसित करने की दरकार है। मांग पत्र सौपने वालो में उप मुखिया रोहित कुमार, प्रकाश यादव, रामप्रवेश यादव, मुकेश पासवान आदि लोग शामिल थे।

## भोंडो पंचायत में फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन, युवा नेता अरुण साहू ने किया उद्घाटन



अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित

चंदवारा प्रखंड अंतर्गत भोंडो पंचायत में साईं जागृति क्लब के 25 वाँ वर्षगांठ पर पंचायत स्तरीय फुटब०ल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के युवा नेता अरुण साहू ने फीता काटकर किया। उद्घाटन का पहला मैच कांको बनाम खांडी के बीच खेला गया। जिसमे कांकों की टीम विजयी हुई। मौके पर भौंडो पंचायत मुखिया कोयल देवी, चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा, काको मुखिया श्यामदेव यादव, चंदवारा उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द शुरू होगा न्यू बेबी स्टेब्लिसमेन्ट यूनिट एवं ब्लड स्टोरेज यूनिट

### हज़ारीबाग़ सिविल सर्जन ने किया अनुमंडलीय अस्पताल में निरीक्षण कर ब्लड स्टोरेज यूनिट का जायजा

अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित



अनुमंडलीय अस्पताल का जायजा लेते सीएस एवं अन्य

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है। बहुत जल्द न्यू बेबी स्टेब्लिसमेन्ट यूनिट एवं ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना कर उसकी सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसे मूर्त रूप देने के लिए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में सारी व्यवस्था की जा रही है। डीएस के द्वारा की जा रही व्यवस्था का जायजा लेने शुक्रवार को सीएस डॉ एसपी सिंह, यूनिसेफ के नंद कुमार दूबे एवं जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिल मुनि अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और जिस कमरा को न्यू बेबी स्टेब्लिसमेन्ट यूनिट बनाया जा रहा है, उसका जायजा लिया। इस संबंध में सीएस डॉ एसपी सिंह ने बताया कि न्यू बेबी स्टेब्लिसमेन्ट यूनिट के तहत एक कमरा में वे सभी व्यवस्था एवं संसाधन लगाया जाएगा। जहां गंभीर जन्मजात बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सीएस एवं अन्य पदाधिकारियों ने ब्लड स्टोरेज यूनिट को जल्द चालू करने की बात कही। बताया कि ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना के लिए लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जल्द ही टेक्निकल ट्रेनिंग एक डॉक्टर एवं एक लैब टेक्नीशियन को दिया जाएगा। ततपश्चात ब्लड स्टोरेज का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। इसके अलावे सीएस ने टीबी जांच केंद्र का भी निरीक्षण किया। जांच में और तेजी लाने का निर्देश दिया। डीएस ने सीएस को डॉक्टर्स की कमी और उससे होने वाली परेशानी से अवगत कराया। सीएस ने जल्द डॉक्टर्स की कमी को पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर डॉ.बी.एस.अग्रवाल, डॉ एजाज हुसैन, डॉ मेराजुल इस्लाम, पंकज कुमार आजाद ,विजेंद्र कुमार ,एचएम सुधांशु कुमार, प्रमोद श्रीवास्तव, विष्णु कुमार महतो, जावेद अख्तर, प्रवीण कुमार, विनोद कुमार यादव ,अनीता कुमारी, महादेव कुमार राम ,संजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सोना ठाकुर ने अधिकारियों से आवास के लिए लगाया गुहार

अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के खुटवाटांड़ (ठाकुर टोला) निवासी सोना ठाकुर पिता स्व टेको ठाकुर का घर काफी जर्जर अवस्था में है। बारिश के समय घर में जगह जगह से पानी टपकता है। जिससे वह काफी परेशान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोना ठाकुर पिछले कई सालों से अस्थमा जैसे गंभीर बीमारी से ग्रसित है। बीमार होने के कारण वह मजदूरी भी नही कर पाता है। जिससे कभी कभी उसे अपना घर चलाना भी मुश्किल हो जाता है। बच्चे छोटे छोटे होने के कारण घर में आय का कोई श्रोत नही है। आस पास के ग्रामीणों ने बताया की इसका घर का स्थिति काफी खराब है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया की जब कभी यह बीमार पड़ जाता है तो वैसी स्थिति में गांव में चंदा इक्कठ्ठा कर इसका इलाज करवाया जाता है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## राइफल और रिवॉल्वर शूटिंग में रॉयल आर्किड स्कूल के बच्चे ले रहे हैं ट्रेनिंग

### इंटर हाउस प्रतियोगिता आयोजित कर किया गया बेहतर शूटर का चयन





शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र एवं छात्राएं

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

रसोइया धमना चकुरा टांड में संचालित रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में इच्छुक बच्चों एवम बच्चियों को राइफ़ल एवं रिव०ल्वर शूटिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस बाबत इंटर हाउस राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर शूटर का चयन किया गया। इंटर हाउस इस प्रतियोगिता में कुल 47 छात्र छात्राओं का चयन शूटर के तौर पर किया गया। खिलाड़ियों का चयन विद्यालय के खेल शिक्षक राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग खिलाड़ी प्रिंस मिश्रा एवं विद्यालय के कोअ०र्डिनेटर सिम्मी सिंह और शुभाशीष पाईन के देखरेख में किया गया। अंतिम रूप से चयनित शूटर खिलाड़ियों में राफिया, रिचा, नमन, ऋषि, अलोक, महक, रितिका, मयंक, आदित्य, प्राची, आयुष, शिवम्, शमीम, शाईबा, ऐसा, नेहा, रेहान, साद, हासमत, अभिनव, अकंक्षा, चांदनी आदि शामिल रही। सभी खिलाड़ियों को एऩ 200 एयर राइफल से फायरिंग का अभ्यास करवाया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ–साथ खेलों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। छात्र–छात्राएं पढ़ाई के साथ–साथ खेल में भी अपना भविष्य बना सकते हैं । भारतवर्ष में कई छात्र–छात्राएं खेलते हुए भी सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं।। ओलंपिक और इंटरनेशनल खिलाड़ी को सरकार द्वारा एएसपी क्लर्क का नौकरी दी जा रही है । छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में प्राचार्य अनूप कुमार ने यह भी बताया कि खेल में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनने का सोच रखना चाहिए और खासकर लड़कियों को राइफल शूटिंग मे लाने का मकसद है छात्राएं राइफल शूटिंग में बेहतर कर भविष्य में एयर फोर्स, नेवी ,आर्मी, बीएसएफ में महिला कोटा से भर्ती होकर देश का सेवा में योगदान दे सकें। इस खेल कार्क्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। ।

## अवैध कोयला लदा आठ ट्रक जप्त, सात गिरफ्तार, जेल

### चोरदाहा चेकपोस्ट पर खनन विभाग ने रात्रि में चलाया वाहन चेकिंग अभियान






**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

हजारीबाग उपायुक्त के निर्देशानुसार, जिला खनन पदाधिकारी के आदेश पर खान निरीक्षक सुनील कुमार ने चौपारण पुलिस की सहायता से देर रात्रि चोरदाहा चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए खान निरीक्षक ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान अवैध कोयला लदे आठ वाहनों को पकड़ा गया। पकड़े गए वाहनों में एक वाहन के कागजात का जाँच पड़ताल जारी है जबकी सात अन्य वाहनों को जप्त कर चौपारण पुलिस को सौप दिया है। इस दौरान सात चालक या कोयला तस्कर को गिरफ्तार कर चौपारण पुलिस को सौप दिया गया। श्री सुनील ने बताया कि कोयला कारोबारीयों द्वारा राज्य सरकार के स्वामित्व की कंपनी जे एसएमडीसी एवं कोयला मंत्रालय द्वारा लघु एवं सुक्ष्म उद्धोग के नाम पर सस्ते दर पर कोयला लेकर अपने प्ल०टों मे उपयोग करने के स्थान पर उँचे दरो मे कालाबाज़ारी करते हुए बिहार एवं उत्तर प्रदेश के मंडीयो मे भेजा जा रहा था। ऐसे सभी कंपनीयो को चिन्हित कर कार्रवाई करने तथा लिंकेज को रद्द करने हेतु एसएमडीसी को भी पत्राचार किया जाएगा। इधर चौपारण थाना कांड संख्या 252/22 कोल अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए प्रवीण कुमार बेरमो, बोकारो, आशिष यादव विष्णुगढ, हज़ारीबाग, शाहिद अहमद पिलीभीत, उत्तर प्रदेश, रमेश सिंह सिवान, बिहार, नशीम खान झरिया, हरेराम सिंह नालन्दा, बिहार, पप्पू यादव कोडरमा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

**इन वाहनों को किया गया जप्त**

जेएच02एएन 4750, जेएच10 बीपी 5136, यूपी 27एटी 1793, बीआर 29जीए 4808, जेएच10 बीके 7203, जेएच02 यू 9671, जेएच 02एबी 6485,

## पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक नीरा यादव केंद्रीय विद्यालय के स्थल परिवर्तन के का विरोध अनुचित है : उमाशंकर अकेला यादव


**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदीप कुमार**



चंदवारा प्रखंड के निवेदक समिति सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, प्रमुख मंजू देवी ,पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव,पूर्व प्रमुख लीलावती देवी, पूर्व जिप सदस्य अमृता सिंह, मुखिया रामदेव यादव, संतोष कुशवाहा समेत कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी ने बयान जारी कर कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक नीरा यादव केंद्रीय विद्यालय के स्थल परिवर्तन के प्रयास का विरोध अनुचित है लोगों ने कहा कि अपने शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में पद व सत्ता के बल पर चंदवारा प्रखंड में बनने वाले म०डल क०लेज को स्थानान्तरित कर अपने विधानसभा क्षेत्र में बनाया गया । कोडरमा विधायक नीरा यादव लगातार अपने बल व पद का प्रयोग करना चाहती है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है । विधायक तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय चंदवारा प्रखंड के करौजिया में बनने के लिए हम लोग का प्रयास लगातार जारी है उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय चंदवारा में ही बनेगा अगर जिला प्रशासन कोडरमा विधायक के दबाव में स्थल परिवर्तन किया जाता है तो हम लोग इसका लोकतांत्रिक रूप से पुरजोर विरोध करेंगे। नीरा यादव के बयान पर उप प्रमुख खुशबू देवी, समाजसेवी अशोक सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, पूर्व पूर्व मुखिया मो नसीम, विधायक प्रतिनिधि अज्जू बरकट्ठा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अर. विन्द यादव ,मुखिया सुमा देवी, मुंशी यादव, मुखिया असगर अंसारी, पूर्व मुखिया भुनेश्वर पंडित, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र पंडित, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, कौलेश्वर साव, विनोद यादव, राम प्रसाद यादव समेत कई लोगों ने विधायक को अपने बयान को वापस लेने तथा उनके बयान पर निंदा व्यक्त किये ।

## सड़क मरम्मती के लिए ग्रामीण विकास मंत्री को प्रयाग प्रसाद ने दिया आवेदन






**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बरही विधानसभा सचिव प्रयाग प्रसाद ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को सड़क मरम्मती के लिए आवेदन देते हुए कहा की बरकट्ठा एवं बरही जिला हजारीबाग के गुंजरा मोड़ एनएच – 2 से ग्राम गुंजरा पडरिया, मलकोको, गुड़ियों एवं विजैया से होते हुए तिलैया डैम तक आरईओ रोड की स्थिति बहुत जर्जर है। और इसी रास्ते से प्रत्येक दिन लगभग हजारों लोग आवागमन करते है। सड़क जर्जर होने के कारण लोगो को आवागमन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से लगभग 200 मौजा प्रभावित है। इस रोड को लंबाई गुंजरा मोड़ एनएच – 2 से तिलैया डैम तक 20 किलोमीटर है। उन्होंने आवेदन देते हुए ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह किया की इस सड़क का मरम्मत जल्द किया जाए। जिससे लोगो को आवागमन में सहूलियत होगी।

## गिरीडीह : सदर प्रखंड के बराकर के पास मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टकर





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

सदर प्रखंड के बराकर के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टकर मोटरसाइकिल का नंबर श्रभ 11ज्ञ 1841 है बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार कठवारा से आ रहा था मगर बराकर के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को टकर मार कर भाग गया।जिससे कुछ लोगो ने हो हल्ला किया तब भीड़ जमा हुआ और पता चला कि एक व्यक्ति बन्दरकुप्पी निवासी पाच्चू तुरी है जिसकी उम्र 45 साल है जिसे काफी गंभीर चोट लगी है तथा वही दूसरा व्यक्ति पालमो निवासी चंदो दास के रूप में हुआ जिसकी उम्र 40 साल के रूप में हुआ।दोनों एक ही मोटरसाइकिल से कठवारा से आ रहे थे उसके बाद मुफस्सिल पुलिस पहुचकर मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर।दोनों को सदर अस्पताल भेजवा गया जंहा गिरीडीह में उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया।

## इचाक संच स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

### बरकट्ठा विधायक हुए कार्यक्रम में शामिल

**अपेम लाइव : इचाक**



भाग हजारीबाग अंचल हजारीबाग के ईचाक संच में प्रखंड स्तरीय अभ्युदय युथ क्लब एकल अभियान द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता चंदा हाई स्कूल के मैदान में संपन्न हुआ ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव जी, जिला परिषद सदस्या श्रीमती रेणु देवी, श्रीमती बबीता देवी, संच अध्यक्ष श्रीमान राजेंद्र रवि , श्रीमान सुनील मेहता, संच सचिव श्रीमान विकास कुमार पांडे , पूर्व सचिव श्रीमान पंचानंद मेहता, श्रीमान संदीप कुमार, श्रीमान प्रमोद साव , श्रीमान बसंत नारायण सिंह। पंच ग्राम समिति संचालक बलराम मेहता। पूर्ण कालिक कार्यकर्ता एकल अभियान भाग प्राथ. मिक शिक्षा प्रमुख प्रेम राम, अंचल ग्राम स्वराज प्रमुख संदीप चंद्रवंशी, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख नरेश पासवान, संच प्रमुख मीना देवी, एवं आचार्या ललिता देवी पूनम देवी संजू देवी आदि एवं बच्चे उपस्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## पीएम स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी हुआ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा परीक्षा परिणाम के साथ पीएम स्कुल के छात्र

बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड क०लेज के प्रांगण में प्री नर्सरी से दसवीं तक के बच्चों का अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया ।इस अवसर पर सभी अभिभावकों ने भारी संख्या में भाग लिया ।अभिभावकों ने अपने बच्चों के द्वारा प्राप्त अंक का गहन विश्लेषण करते हुए अपनी सहमति जताई एवं सलाह दिए की साथ ही साथ बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बेहतर तरीकों के माध्यम से पठन-पाठन का समायोजन किया जाए ।विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालय बेहतर शिक्षा के लिए कृत संकल्प है ।दसवीं कक्षा से होरिल रविदास, कक्षा नवमी से रतन कुमार, कक्षा आठवीं से चंदन कुमार कक्षा सातवीं से परमानंद प्रसाद ,कक्षा छठवीं से चंदन कुमार, कक्षा पांचवी से सूरज राणा, कक्षा चतुर्थ से सूरज कुमार ,कक्षा 3 से शिवम कुमार राज, कक्षा 2 से आनंद कुमार, कक्षा 1 से सत्यम कुमार राज, कक्षा यूकेजी से दीपिका कुमारी, कक्षा एलकेजी से शाहनवाज अंसारी, कक्षा नर्सरी से सोनू कुमार तथा प्री नर्सरी से रोशन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की सभी शिक्षकों ने परीक्षा परिणाम से संतोष जताया एवं बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## विहिप ने स्थापना दिवस मनाया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल प्रखंड इकाई बरकट्ठा का प्रखण्ड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव की अध्यक्षता में की गई संचालन प्रखंड पालक गुरुदेव गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह उपस्थित हुए। संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता, जिला संयोजक प्रशांत सिंह, प्रखंड मंत्री सत्यम भारती, प्रखंड संयोजक दीपक राणा, प्रखंड उपाध्यक्ष बिनोद प्रसाद, धर्म प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता, गौ रक्षा प्रमुख विक्की चंद्रवंशी, रामचंद्र चौधरी, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, शिलाडीह पंचयात अध्यक्ष मुकेश पांडेय, उपाध्यक्ष जुमन मंडल, कोनहारा खुर्द पंचयात मंत्री मनोज सिंह, झुरझुरी पंचयात मंत्री अमित सोनी, रीतलाल प्रसाद, सुमन गुप्ता, राज गुप्ता, सूरजदेव प्रजापति, राजेश साव डोंडहारा, दिलीप कुमार मासीपिरि, जागेश्वर मंडल गयपहाडी, कृष्ण पांडेय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रकाश चौधरी, विक्की गुप्ता, प्रदीप पाण्डेय समेत सभी सनातनी सशरीर उपस्थित हुए।

## समाजसेवी शमीम के प्रयास से ट्राइसाइकिल मिली

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत के एक ही घर के दो दिव्यांग युवतियों को ट्राई साइकिल दिया गया । समाजसेवी शमीम अंसारी ने पत्रकारों को बताया कि मुझे ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि एक ही घर के दो दिव्यांग बच्ची हैं। जिसे कहीं आने जाने में काफी परेशानी होती है। मामले की गंभीरता से लेते हुए इसकी जानकारी अंचल कार्यालय को दी। जिसके बाद मुखिया मो निजाम अंसारी सीडीपीओ नीलू रानी, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, बासुदेव मरांडी, सेविका अंजलि पांडेय, समाजसेवी कुलदीप पांडेय, राजेंद्र प्रसाद की मौजूदगी में शांति कुमारी व मंयू कुमारी को ट्राई साइकिल दी गई। जिससे परिजनों में काफी हर्ष हैं। मौके पर पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी ने क्षेत्र की लोंगो को लाभ पहुँचना मेरी प्राथमिकता है।

## सांसद विधायक करेंगे भूमिपूजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा चलकुशा प्रखण्ड का अतिमत्वपूर्ण पेयजलापूर्ति योजना का खरगु ग्राम में हर घर पेयजल योजना के तहत वृहद जलमीनार का (पानी टँकी ) विधिवत भूमि पूजन कोडरमा लोकसभा के सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को किया जाएगा इसकी सूचना चलकुशा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल ने दी उन्होंने बरकट्ठा व चलकुशा प्रखण्ड के समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गणमान्य, कार्यकर्ताओं, क्षेत्रवासी उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम के साक्षी बनने की अपील की ।

APEM LIVE

## छात्र संगठन एबीवीपी ने बीईईओ का किया स्वागत,

### बेहतर शिक्षा माहौल बनाने के लिए छात्र संगठन करे जनहित कार्य : राकेश सिंह

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर चौपारण मंत्री चंदन कुमार राणा के अगुवाई व प्रदेश कार्य समिति सदस्य धीरज प्रजापति के उपस्थित में नव पदस्थापित बीईईओ राकेश सिंह का स्वागत किया गया। बीईईओ को बुके देकर छात्र संगठन के बच्चों ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा व मुहैया कराने की बात कही। छात्र संगठन के नेताओ के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की चौपारण की शिक्षा व्यावस्था पहले की अपेक्षा बेहतर होगा। कहा बेहतर शिक्षा माहौल स्थापित करने के लिए आप सभी छात्र संगठन जनहित कार्य करें। छात्र हित के लिए मैं हमेशा कार्य करूँगा। इस दौरान एसपीओ सह मध्य विद्यालय सेलहारा के शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, दीपक गुप्ता, नगर छात्रा सहप्रमुख तनु कुमारी, स्नेहा कुमारी, नगर कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मण कुमार, ओम प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे

## इटखोरी प्रखण्ड के टोनाटांड़ की छात्रा ने किया चतरा महिला महाविद्यालय से हिंदी में स्नातक टॉप

### 1598 अंक लाकर की महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :-कहावत है कि जिसकी दृढ़ इच्छा शक्ति मजबूत हो तो सफलता भी उसकी कदम चूमती है ।ऐसा ही कर दिखाई है जिले के इटखोरी प्रखण्ड के एक सुदूरवर्ती गांव टोनाटांड़ की स्व. प्रमोद सिंह के पुत्री राखी कुमारी ने ।राखी कुमारी ने चतरा महिला महाविद्यालय से स्नातक की फाइनल परीक्षा में 1598 अंक लेकर महाविद्यालय टॉप की ।बताते चलें कि राखी के शर से पिता की साया बचपन मे ही उठ गया था ।लेकिन सफलता पाने वाले को रास्ता खुद इंतजार करता है और इसी इंतजार में राखी ने अपनी मौसी जो चिरिदिरी पंचायत की पूर्व मुखिया मीणा देवी के निर्देशन और सहयोग से पिता के मरणोपरांत विषम परिस्थिति में पढ़ाई शुरू की और आज स्नातक की पढ़ाई में चतरा महाविद्यालय में अव्वल रकर अपने गांव प्रखण्ड का नाम रौशन की है ।किसी ने ठीक ही कहा है कि (टूटने लगे हौशले तो याद रखना,बिना मेहनत के तख्तों ताज नहीं मिलते ।ढूंढ लेते हैं अंधेरा मेंअपनी,क्योंकि जुगनू कभी रौशनी का इंतजार नहीं करते। ।उपरोक्त वाकया को साबित की है संसाधन विहीन टोनाटांड़ की गरीब असहाय की बेटी राखी ने ।राखी की मां शारीरिक रूप से अक्षम भी है फिर भी राखी ने पढ़ाई करने का संकल्प लिया और अपने गांव टोनाटांड़ में असुविधा के कारण मौसी के पास रहकर पढ़ाई पूरी की ।राखी की इस सफलता से गांव के साथ साथ प्रखण्ड का नाम उच्चा हुआ और राखी अपनी सफलता का श्रेय अपनी माँ, मौशी और महाविद्यालय के प्रचार्य और अध्यापकों को देती है ।वही राखी ने समाज के एक अच्छे शिक्षाविद बनने की इच्छा रखती है ।वहीं राखी ने कही कि पढ़ाई करने वाले को केवल मेहनत करनी चाहिए परिस्थिति चाहे जैसा भी हो ।इधर कई समाजसेवियों ने राखी की सफलता पर राखी को बधाई दिए हैं।

## प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न, जन समस्याओं एवं सड़क जाम पर विशेष चर्चा हुई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



संबोधित करते पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर

बड़कागांव प्रखंड सभागार भवन में पंचायत समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने किया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य,शिक्षा, सड़क, प०लिथिन पर पाबंदी और बड़कागांव में जाम की समस्या आदि पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत समिति सदस्यों को उनके कर्तव्यों एवं कार्यों का बोध कराया। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, खाद आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, खुर्शीद आलम, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, प्रभु राम, उपेंद्र महतो, रंजीत चौबे, निर्मल राम, कृष्णा राम, निर्मला कुमारी, सुमन कुमारी, बभनी देवी, मेघा कुमारी, मोहन महतो, गणेश साव, पूजा रॉय आदि उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गुमशुदगी की घटना : 24 अगस्त से लापता है बच्चा, पिता ने थाने ने मामला दर्ज कराया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरिया टोला चोरका निवासी राजकुमार चौधरी ने अपने पुत्र 14 वर्षीय शिवम कुमार की गुमशुदा होने का बड़कागांव थाना में गुरुवार को आवेदन देते हुए सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। वही इस बाबत रा. जकुमार चौधरी ने बताया कि विगत 24 अगस्त को प्रातः 7 बजे उसका पुत्र अपने घर से विद्यालय जाने के लिए निकला था जिसके बाद वह शाम तक घर नही लौटा। 2 दिनों तक सभी सगे संबंधियों के पास भी खोजबीन की गई फ़िर भी उसका पता नही चल सका।अंततः गुरुवार को बड़कागांव थाना पहुच लिखित आवेदन और पुत्र का फोटो दिया ताकि उसकी खोजबीन हो सके। बच्चे की पता चलने पर 9939195410 फोन नंबर में जानकारी दे सकते हैं। बड़कागांव थाना के प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है बच्चे की खोजबीन के लिए पुलिस अग्रेतर करवाई कर रही है।

## चौपारण प्रमुख ने सिंघरावां में किया साड़ी धोती का वितरण

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



सोना सोबरन योजना के तहत सिंघरावां पीडीएस दुकान में चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने कार्डधारियों के बीच साड़ी धोती का वितरण किया। इससे पूर्व समिति सदस्य सह पीडीएस संचालक विजय मधेसिया ने अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया। विजय ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए साड़ी धोती के लाभ सभी कार्डधारियों को मिल रहा है। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने कहा की जनकल्याकारी योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिलना चाहिए। प्रमुख ने कहा कि कोई भी जरूरत मंद राज्य व केंद्र सरकार के जनहित योजना से वंचित रहते है तो आप इसकी सूचना हमे दे। मौके पर स्थानीय मुखिया सन्तोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, समाजसेवी प्रकाश चनदवंशी, मतीन खान, उपमुखिया प्रतिनिधि नौशाद खान, समाजसेवी गोपाल विश्वकर्मा, बद्री साव

## विष्णुगढ़ ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना की संचालन समिति गठित

### अध्यक्ष मुखिया निर्मल कुमार, सचिव सबिता देवी व कोषाध्यक्ष कुंती देवी मनोनीत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के संचालन समिति की बैठक में शामिल लोग

विष्णुगढ़ ग्रामीण पाइप पेयजलापूर्ति योजना के सफल संचालन के लिए शुक्रवार को चेड़रा पंचायत भवन में योजना से आच्छादित तीन पंचायत विष्णुगढ़, चेड़रा तथा बेड़ा हरियारा पंचायत की संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार ने की। इसमें तीनों पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, जलसहिया, विभागीय जेई दिनेश एक्का, आईएसए जनसेवा परिषद के परियोजना प्रबंधक लक्ष्मण कुमार गुप्ता समेत कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य एवं ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में योजना के संचालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके लिए सर्वसम्मति से संचालन समिति के गठन का निर्णय लिया गया। जिसमें अध्यक्ष चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार, जलसहिया सबिता देवी सचिव, जलसहिया कुंती देवी कोषाध्यक्ष समेत 12 सदस्यों का मनोनयन किया गया। सदस्यों में जलसहिया वीणा देवी, जलसहिया रीना देवी, पंसस मुन्नी देवी, विकास कुमार दास, मिथिलेश कुमार बर्मन, राहुल कुमार गुप्ता, मुखिया पूनम कुमारी दास, मुखिया रामचंद्र यादव, मोकिना बानो, दीपाली देवी, नवलकिशोर वर्मा तथा गुरु प्रसाद साव चुने गए। तय किया गया कि संचालन एवं रखरखाव की राशि संधारित करने के लिए समिति का स्थानीय बैंक में खाता खोला जाना है। खाता का संचालन अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। बैठक में इसके अलावा पेयजलापूर्ति से संबंधित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## दून संस्कृति ने मनाई स्वतंत्रता दिवस, कृष्णा जन्माष्टमी एवम् गणेश उत्सव

### प्रतिभागियों ने नृत्य गीत संगीत की दी प्रस्तुति, बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत









**अपेम लाइव : देहरादून**

दून संस्कृति ने जी एम एस रोड स्थित होटल कमला पैलेस में 26 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, कृष्णा जन्माष्टमी एवम् गणेश उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम की डेकोरेशन गुलशन सरीन, चारु गर्ग, प्रीती गुप्ता, दीपा प्रसाद, सोनिका पाहवा ने की। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि समाजसेविका एवम् महिला उद्यमी ज्योति डोवल, डायरेक्टर डॉ रमा गोयल, अध्यक्ष कल्पना अग्रवाल एवम् सभी एक्जीक्यूटिव सदस्यों ने दीप प्रज्वल्लित कर की। चारु गर्ग, रुचि गुप्ता, राखी अग्रवाल एवम् रुचि बिंदाल ने सैनिक भाईयो के जीवन पर एक नाटक की प्रस्तुति दी। अमृत एवम् हरमन ने वो कृष्णा है पर नृत्य किया। आंचल, दीपा प्रसाद, सोनिका पाहवा ने मीरा राधा कृष्ण पर नृत्य किया। रेखा शर्मा एवम् पम्मी ने देवा श्री गणेश पर नृत्य किया । महिला समानता दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत डॉली चौहान जी एवम् अंजू सूरी ने कपड़ों, कुर्तियों, चादर तौलिए आदि समान के स्टॉल लगाए। खू. बसूरत मंच संचालन प्रीती गुप्ता जी द्वारा किया गया। डायरेक्टर डॉ रमा गोयल का बहुत बहुत तरीके से केक काटकर जन्मदिन भी मनाया। तीनो इवेंट पर आधारित गेम भी खेलवाये गए। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुई।

## गुरुकुल खाता खुलवाने पर मिलेगा 50 लाख की दुर्घटना बीमा का लाभ, 30 गुना व्यक्तिगत ऋण की भी मिलेगी सुविधा : मुख्य प्रबंधक

### बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने की सहायक अध्यापकों के साथ बैठक, गुरुकुल खाता की दी जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



सहायक अध्यापकों के साथ बैठक करते बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी

बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल की ओर से स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में बंरही अनुमंडल के सहायक अध्यापकों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य तौर बैंक ऑफ इंडिया के अहमद जलाल मुख्य प्रबंधक लॉनसेक्सन, प्रशांत कुमार अंचल प्रबंधक,सैयद नकबी मुख्य प्रबंधक , श्रीनिवास कुमार बरहीं शाखा प्रबंधक, मनीष कुमार मिश्रा बरकट्ठा शाखा प्रबंधक , पंकज कुमार शर्मा दादपुर शाखा प्रबंधक एवं रोहित कुमार करियातपुर शाखा प्रबंधक मुख्य रूप से शामिल रहे। सहायक अध्यापक संघ की ओर से मुख्य रूप से संजय दुबे, दीनानाथ यादव, मनोज घोष एवं अजय प्रजापति ने बैकिंग योजना की जानकारी प्राप्त की। बैठक में मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार के द्वारा बैंक अ०फ इंडिया के गुरुकुल खाता से मिल रहे लाभ की जानकारी सहायक अध्यापकों को दी गई। उसमें सभी सहायक अध्यापकों से आग्रह किया गया सभी सहायक अध्यापक गुरुकुल खाता खुलवा लें । ताकि बैंक अ०फ इंडिया से मिलने वाले लाभ तमाम सहायक अध्यापकों को प्राप्त हो सके । बैंक अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि बैंक अ०फ इंडिया में गुरुकुल अकाउंट खुलवाने पर निरु शुल्क 5000000 (पचास लाख ) तक का एक्सीडेंटल बेनिफिट की सुविधा दी जाएगी। सहायक अध्यापकों को मिलने वाले वेतन का 30 गुना पर्सनल लोन दिया जाएगा। बैंक ब्याज दर्ज चेक सुविधा एवं डिमांड ड्राफ्ट सहित कई बैंकिंग सु. विधा में रियायत दी जाएगी। उक्त सारी सुविधाएं गुरुकुल एकाउंट खुलवाने से मिलेगी। बैठक में दीनानाथ प्रसाद प्रखंड अध्यक्ष, मनोज घोष प्रखंड सचिव, अजय प्रजापति जिला उपाध्यक्ष, मुकेश चौधरी, ब्रजमोहन शर्मा ,मनोज ठाकुर ,लालू राम, दशरथ यादव, बैजंती देवी, दिनेश रविदास ,लव कुमार, रंजीत कुमार सिंह ,रंजीत कुमार, मुस्ताक अंसारी ,कलीमुद्दीन अंसारी, संतोष यादव ,सुनील यादव, प्रेम लाल यादव, प्रेम कुमार, लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित हुए।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरना 31 को

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में कांग्रेस पार्टी की बैठक में शामिल कार्यकर्ता

पेट्रोल, डीजल समेत खाद्य पदार्थो के बढ़ते दामों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी 31 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिनी धरना देगी। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार अपने पूंजीपति दोस्तों को चहुमुंखी लाभ देने के लिए सभी सरकारी इकाइयों को उनके हाथ बेचने में लगी है। सरकार को देश के गरीब, मजदूर, नौजवान, किसान के दर्द से कोई मतलब नहीं है। पेट्रोल- डीजल के बाद अब खाद्य पदार्थो पर अनावश्यक टैक्स थोपकर जनता का खून भी चूसने पर लग गई है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि एक दिवसीय धरना में गठबंधन के सहयोगी दलों के अलावा आमलोगों को शामिल होने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र, जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, कार्यकारी अध्यक्ष रामजन्म राय, जिला सचिव जगदीश बर्मन, महिला मोर्चा जिला सचिव सुनैना दूबे, महिला प्रखण्ड अध्यक्ष पूनम कुमारी, गणपति स्वर्णकार, कमल राम, हफीज अंसारी, जाकीर हुसैन समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार